# एसडीजी रैंकिंग में नैनीताल रहा प्रथम, मुख्यमंत्री ने किया सम्मानित

**टीम एक्शन इंडिया**
**नैनीताल: नीति** आयोग द्वारा जारी सतत विकास लक्ष्य (एसडीजी) इंडिया इंडेक्स रैंकिंग वर्ष 2023-24 में उत्तराखंड ने पूरे देश में 79 अंकों के साथ प्रथम स्थान प्राप्त किया है। राज्य में जनपदों के मध्य स्वस्थ प्रतिस्पर्धा बनाए रखने के लिए उत्तराखंड नियोजन विभाग ने जनपदवार एसडीजी रैंकिंग तैयार की गई। इस क्रम में सीपीपीजीजी (सेंटर फॉर पब्लिक पॉलिसी एंड गुड गवर्नेंस) द्वारा वर्ष 2023-24 के लिए जारी जनपदवार एसडीजी रैंकिंग में नैनीताल जनपद ने 80 अंकों के साथ



राज्य में प्रथम स्थान प्राप्त किया। इस उपलब्धि पर सोमवार को मुख्य सेवक सदन देहरादून में आयोजित एक कार्यक्रम में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने नैनीताल जिले के मुख्य विकास अधिकारी अशोक पांडे को पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया और नैनीताल जनपद को उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए बधाई दी।

**उत्सव-2025**

**मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि राज्य ने देशभर में प्रथम रैंकिंग प्राप्त कर एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है**

इस अवसर पर मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि राज्य ने देशभर में प्रथम रैंकिंग प्राप्त कर एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। इसमें नैनीताल जनपद का बड़ा योगदान है। उन्होंने कहा कि भविष्य में भी राज्य की यह रैंकिंग बरकरार रहे, इसके लिए सभी विभागों को और अधिक प्रयास करने की आवश्यकता है। बताया गया है कि एसडीजी रैंकिंग विभिन्न सामाजिक, आर्थिक और पर्यावरणीय मानकों के आधार पर तय की गई है। इसमें शिक्षा, स्वास्थ्य, स्वच्छता, गरीबी उन्मूलन, लैंगिक समानता, जलवायु परिवर्तन, आर्थिक विकास, ऊर्जा तक पहुंच, जीवन गुणवत्ता जैसे क्षेत्रों में जनपदों के प्रदर्शन का आकलन किया गया।

# ब्लाक बदलने पर भड़के टीला व स्योली मल्ली के ग्रामीण

**टीम एक्शन इंडिया**
**पौड़ी गढ़वाल: थलीसैंण** विकासखंड की ग्राम पंचायत टीला व स्योली मल्ली को खिर्सू ब्लाक में शामिल किए जाने पर दोनों पंचायतों के ग्रामीण भड़क गए है। ग्रामीणों का कहना है कि वह थलीसैंण ब्लाक में ही रहना चाहते हैं लेकिन जिला प्रशासन व पंचायतीराज विभाग लगातार दोनों पंचायतों को खिर्सू ब्लाक में शामिल किए जाने की जिद कर रहा है, जिसका पुरजोर विरोध किया जाएगा। कहा कि ग्रामीणों की सहमति के खिलाफ पंचायतों को खिर्सू ब्लाक में शामिल किए जाने पर उग्र आंदोलन किया जाएगा।
थलीसैंण ब्लाक के ग्राम पंचायत टीला में आयोजित बैठक में जिला पंचायत राज अधिकारी पौड़ी जितेंद्र कुमार ने ग्रामीणों से रायशुमारी की।

**विरोध**

**दोनों पंचायतों के ग्रामीणों ने खिर्सू ब्लाक में शामिल किए जाने का विरोध किया है**

इस मौके पर निवर्तमान जिला पंचायत सदस्य टीला गणेश नेगी राठी, सामाजिक कार्यकर्ता मातवर नेगी, प्रशासक टीला मीना देवी, प्रशासक स्योली मल्ली देवेंद्र सिंह, पूर्व प्रधान दिनेश सिंह ने बताया कि ग्राम पंचायत टीला व स्योली मल्ली के ग्रामीणों की सहमति के बिना उक्त पंचायतों को खिर्सू ब्लाक में शामिल किए जाने का लगातार प्रयास प्रशासन द्वारा किया जा रहा है। जिसका प्रत्येक ग्रामीण पुरजोर विरोध करता है।
उन्होंने कहा कि दोनों पंचायतों के ग्रामीण थलीसैंण ब्लाक का ही हिस्सा बने रहना चाहता है। बावजूद इसके जन अपेक्षा के विपरीत शासन-प्रशासन कवायद में जुटा है। उन्होंने बताया कि टीला व स्योली मल्ली के ग्रामीणों ने दोनों पंचायतों को थलीसैंण में यथावत रखने का प्रस्ताव सौंपा है। इस अवसर पर ग्रामीण विक्रम सिंह, बेलम सिंह, भरत सिंह, कुंदन सिंह आदि मौजूद रहे। इधर, डीपीआरओ जितेंद्र कुमार का कहना है कि थलीसैंण ब्लाक के ग्राम पंचायत टीला व स्योली को खिर्सू ब्लाक में शामिल किए जाने को लेकर प्रस्ताव मिला था। जिस पर ग्रामीणों से बातचीत की गई। दोनों पंचायतों के ग्रामीणों ने खिर्सू ब्लाक में शामिल किए जाने का विरोध किया है।

# कुमाऊं विश्वविद्यालय की 'क्वान-की-डू' महिला-पुरुष टीम ने जीता रजत

**टीम एक्शन इंडिया**
**नैनीताल: कुमाऊं** विश्वविद्यालय, नैनीताल की महिला एवं पुरुष वर्ग की क्वान की डू टीम ने अखिल भारतीय अंतर विश्वविद्यालय 'क्वान-की-डू' खेल की महिला-पुरुष प्रतियोगिता 2024-25 में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए रजत पदक प्राप्त किया है। यह प्रतियोगिता 17 से 21 मार्च 2025 तक श्री जगदीशप्रसाद झाबरमल टिबरेवाला विश्वविद्यालय झुंझुनूं, राजस्थान में आयोजित हुई थी।

**खिलाड़ियों का शानदार प्रदर्शन**
प्राप्त जानकारी के अनुसार कुमाऊं विश्वविद्यालय की महिला वर्ग की टीम ने +67 भार वर्ग में शानदार प्रदर्शन किया, जिसमें मानसी ने रजत पदक हासिल किया। पुरुष वर्ग में -



65 भार वर्ग में अमित कुमार ने रजत पदक जीता, जबकि -73 भार वर्ग में भी टीम ने रजत पदक प्राप्त किया। कुमाऊं विश्वविद्यालय के क्रीड़ा अधिकारी डॉ. नागेंद्र शर्मा ने बताया कि प्रतियोगिता में देशभर के 30 विश्वविद्यालयों की महिला एवं पुरुष वर्ग की टीमों ने प्रतिभाग किया था। टीम के मैनेजर लोकेश पांडे और कोच राकेश परिहार के नेतृत्व में खिलाड़ियों ने प्रतियोगिता में दमदार प्रदर्शन किया। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय के खिलाड़ी लगातार राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रहे हैं। विश्वविद्यालय प्रशासन खिलाड़ियों को हरसंभव सहयोग व प्रोत्साहन प्रदान कर रहा है, जिससे वे भविष्य में और बेहतर प्रदर्शन कर सकें।

**विश्वविद्यालय में हर्ष का माहौल:** कुमाऊं विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. दीवान रावत ने खिलाड़ियों की इस उपलब्धि पर हर्ष व्यक्त किया है और कहा है कि टीम को विश्वविद्यालय में सम्मानित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय की खेल प्रतिभाएं निरंतर उत्कृष्ट प्रदर्शन कर संस्थान का मान बढ़ा रही हैं। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय का उद्देश्य खेलों को बढ़ावा देना है, ताकि अधिक से अधिक छात्र-छात्राएं खेलों में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर सकें। उन्होंने खिलाड़ियों की इस उपलब्धि को विश्वविद्यालय के लिए गर्व का विषय बताया। कुलपति के साथ कुलसचिव डॉ. मंगल सिंह मंद्रवाल, प्रो. संतोष यादव, वित्त नियंत्रक अनीता आर्य, डीएसबी परिसर की निदेशक डॉ. नीता बोरा शर्मा, डीएसडब्ल्यू प्रो. संजय पंत, डॉ. संतोष कुमार, प्रो. ललित तिवारी, प्रो. डॉ. सुरेंद्र सिंह सहित विश्वविद्यालय के समस्त अधिकारियों, शिक्षकों व कर्मचारियों ने टीम को बधाई दी।

# पूर्व मंत्री डॉ. इंदिरा हृदयेश की 84वीं जयंती मनाई

**टीम एक्शन इंडिया**
**हल्द्वानी: पूर्व** कांग्रेस नेता और पूर्व कैबिनेट मंत्री डॉ. इंदिरा हृदयेश की 84वीं जयंती पर हल्द्वानी के स्वराज आश्रम में कांग्रेस ने सभा आयोजित की। इस दौरान कांग्रेस कार्यकताओं और नेताओं ने उनके साथ बिताए पलों को याद करते हुए उनके योगदान और दूरदर्शी विकास योजनाओं पर चर्चा की। सभा के दौरान स्व. इंदिरा हृदयेश के पुत्र और हल्द्वानी के विधायक सुमित हृदयेश ने कहा कि मेरी मां ही मेरी राजनीति की गुरु थीं। उनसे मैंने सीखा कि जनता की सेवा और उनके लिए लड़ना ही असली राजनीति है। उनके अधूरे सपनों को पूरा करना ही मेरा संकल्प है। सभा में मौजूद कांग्रेस नेताओं और अन्य वक्ताओं ने डॉ. हृदयेश की प्रशंसा करते हुए कहा कि वह न केवल एक मजबूत महिला नेता थीं, बल्कि उनकी सोच ने हल्द्वानी के विकास को नई दिशा दी। वक्ताओं ने उनके द्वारा किए गए प्रमुख कार्यों को याद किया। कार्यक्रम में हेमन्त बगड़वाल, सतीश नैनवाल, जीवन कार्की, समाजसेवी गोविंद बिष्ट, जिला महामंत्री मलय बिष्ट, महिला महानगर अध्यक्ष मधु सांगूड़ी, भावना पाठक, विमला सांगूड़ी, पुष्पा मेहता, गोविंदी लोबियाल, गीता बहुगुणा, मीमांशा आर्य, दीपा गोस्वामी, पूर्व ब्लॉक प्रमुख भोला भट्ट, प्रकाश पांडे, पूर्व दर्जा राज्यमंत्री सुहैल सिद्दीकी, हेम दुगार्पाल, महानगर कोषाध्यक्ष कन्नू परगाई, ब्लॉक अध्यक्ष मोहन बिष्ट आदि मौजूद रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### अवैध मदरसों पर कार्रवाई के खिलाफ कांग्रेस प्रतिनिधिमंडल ने डीएम को सौंपा ज्ञापन

**हरिद्वार:**
**उत्तराखंड** की धामी सरकार द्वारा अवैध मदरसों के खिलाफ की जा रही कार्रवाई पर कांग्रेस ने सवाल खड़े किए हैं। साथ ही कार्रवाई को रोके जाने की



मांग की है।कांग्रेस के जिलाध्यक्ष राजीव चौधरी के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल ने डीएम को ज्ञापन देकर अवैध मदरसों पर की जा रही सील की कार्रवाई को रोके जाने की मांग की। ज्ञापन में कहा कि कई मदरसा संचालक ऐसे हैं, जिन्होंने वर्षों पूर्व मदरसा संचालन की अनुमति और पंजीकरण के लिए आवेदन किए हैं, किन्तु अभी तक उन पर कोई निर्णय नहीं लिया गया। उन्होंने कहा कि बिना अनुमति के मदरसों को सील करने की कार्रवाई की जा रही है, जो न्यायसंगत नहीं है। उन्होंने कहा कि सरकार की इस कार्रवाई से लोगों में असंतोष उत्पन्न हो रहा है।ज्ञापन देने वालों में पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष राव आफाक अली, राव हाजिद अली, पूनम भगत, सुनील चौहान, चौधरी गुलसनन्वर, शादाब कुरैशी, मौलाना आरिफ, नई कुरेशी, हाजी इरफान, शाहनबाज अली, राव फरमान अली, नरेश कुमार, दिलशाद, सलीम, राजेन्द्र श्रीवास्तव, अरशद ख्वाजा समेत तमाम लोग मौजूद थे।

### नशे के इंजेक्शन और दवाओं के साथ व्यक्ति गिरफ्तार

**हरिद्वार**
**लक्सर** कोतवाली पुलिस ने बड़ी संख्या में नशीले इंजेक्शन, टेबलेट के साथ एक आरोपित को गिरफ्तार किया है। दो दिन पूर्व भी पुलिस चार करोड़ की नशीली दवाएं पकड़ चुकी है। जानकारी के मुताबिक लक्सर कोतवाली पुलिस ने छापेमारी के दौरान एक व्यक्ति को 25 इन्जेक्शन थरमाडोल हाईड्रोक्लोराइड व एलप्रोजोलम की 160 गोली व अन्य 110 गोली के साथ पकड़ा। उसने पूछताछ में बताया कि वह नशीली दवाएं एक मेडिकल स्टोर से लेकर आता था और नशा करने के आदतन व्यक्तियों को मंहगे दामों पर बेचता था। पुलिस इस मामले में मेडिकल स्टोर संचालकों की भूमिका की भी जांच कर रही है। पकड़े गए आरोपित का नाम अलीशान पुत्र इलियास निवासी ऐथल थाना पथरी जिला हरिद्वार बताया गया है।

### महिला का पर्स लूटने वाला आरोपित गिरफ्तार

**हरिद्वार**
**सिविल** लाइन कोतवाली पुलिस ने लूट के एक आरोपित को गिरफ्तार किया है। आरोपित के पास से हजारों रुपये की नकदी भी बरामद हुई है। जानकारी के अनुसार पूजा पत्नी प्रमोद निवासी अशोकनगर ढंडेरा कोतवाली रुड़की ने पुलिस को दी तहरीर में बताया था कि 20 मार्च को एक पर्स लूटकर फरार हो गया था। पर्स में 15 हजार रुपये व पासबुक थी। पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपित की तलाश शुरू की। पुलिस टीम ने आरोपित को बुचड़ी फाटक जाने वाली सड़क की तरफ खाली मैदान के पास ढंडेरा से गिरफ्तार कर लिया। आरोपित के कब्जे से चोरी किए गए 1500 रुपये, पासबुक बरामद की। आरोपित का नाम साजिद अली पुत्र शाहनवाज अली निवासी ढंडेरा कोतवाली रुड़की बताया है। पुलिस आरोपित से पूछताछ कर रही है।

### डोईवाला में डंपर ने तीन वाहनों को मारी टक्कर, दो लोगों की मौत

**देहरादून**
**देहरादून** के डोईवाला में आज सुबह भीषण सड़क हादसा हो गया। अनियंत्रित डंपर एक के बाद एक तीन वाहनों को टक्कर मारते हुए लच्छीवाला टोल प्लाजा के पोल से टकरा गया। हादसे में दो लोगों की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार देहरादून से हरिद्वार जा रहा डंपर (ट्रक) डोईवाला के लच्छीवाला टोल प्लाजा के पास ब्रेक फेल होने के कारण अनियंत्रित होकर 03 वाहनों को टक्कर मारता हुआ टोल प्लाजा के पोल से टकरा गया। इस दौरान डंपर और पोल के बीच एक कार दब गई। ये कार इतनी बुरी तरह पिचक गई कि उसमें सवार दो लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। मृतकों में से एक व्यक्ति की पहचान रतनमणि उनियाल निवासी इंद्रप्रस्थ एनक्लेव, रायपुर देहरादून के रूप में हुई है। दूसरे मृतक के पास से पंकज कुमार पुत्र किशोरी लाल पंवार के नाम का पहचान पत्र मिला है। मृतकों के परिजनों को सूचना दे दी गई है। डंपर चालक को पुलिस ने हिरासत में लिया है। डम्पर में लदी खनन सामग्री से संबंधित दस्तावेजों की भी जांच की जा रही है।

### श्रीनगर- पौडी राष्ट्रीय राजमार्ग पर कुछ ही दिन में उखड़ने लगे रिफलेक्टर

**पौड़ी गढ़वाल**
**श्रीनगर-** पौडी राष्ट्रीय राजमार्ग पर हाल के ही दिनों में लगाए गए रिफलेक्टर उखड़ने लगे है। जिस पर स्थानीय लोगों ने नाराजगी जताई है। वहीं, मामले में डीएम ने एनएच के अफसरों को जांच के निर्देश दिए है। श्रीनगर-पौड़ी राष्ट्रीय राजमार्ग पर करीब 20 से 25 दिन पहले यातायात व्यवस्था व सड़क हादसों पर रोकथाम के लिए एनएच द्वारा रिफलेक्टर लगाए गए। रिफलेक्टर कुछ ही दिन में उखड़ने लगे। स्थानीय निवासी श्याम सिंह, रणवीर रावत, मोनू, अविलाश, सचिन आदि ने कहा कि एनएच विभाग द्वारा लगाए गए रिफलेक्टर बिना गुणवत्ता के लगाए गए। रिफलेक्टर लगाते हुए गुणवत्ता का ध्यान नहीं रखा गया।

# स्व. डॉ. इंदिरा हृदयेश की 84वीं जयंती पर कांग्रेसियों ने किया याद



**टीम एक्शन इंडिया**
**हल्द्वानी: उत्तराखंड** की राजनीति में अपनी खास पहचान छोड़ने वाली वरिष्ठ कांग्रेसी नेता और पूर्व कैबिनेट मंत्री स्व. डॉ. इंदिरा हृदयेश की 84वीं जयंती पर हल्द्वानी के स्वराज आश्रम में कांग्रेस ने सभा आयोजित की। इस दौरान कांग्रेस कार्यकताओं और नेताओं ने उनके साथ बिताए पलों को याद करते हुए उनके योगदान और दूरदर्शी विकास योजनाओं पर चर्चा की। सभा के दौरान स्व9 इंदिरा हृदयेश के पुत्र और हल्द्वानी के विधायक सुमित हृदयेश ने कहा, मेरी मां ही मेरी राजनीति की गुरु थी। उनसे मैंने सीखा कि जनता की सेवा और उनके लिए लड़ना ही असली राजनीति है। उनके अधूरे सपनों को पूरा करना ही मेरा संकल्प है। सभा में मौजूद कांग्रेस नेताओं और अन्य वक्ताओं ने डॉ. हृदयेश की प्रशंसा करते हुए कहा कि वह न केवल एक मजबूत महिला नेता थीं, बल्कि उनकी सोच ने हल्द्वानी के विकास को नई दिशा दी। वक्ताओं ने उनके द्वारा किए गए प्रमुख कार्यों को याद करते हुए कहा कि वह हमेशा जनता

**सभा**

**स्व. डॉ. इंदिरा हृदयेश की 84वीं जयंती पर हल्द्वानी के स्वराज आश्रम में कांग्रेस ने सभा आयोजित की**

के हितों के लिए लड़ती रहीं और हल्द्वानी को शिक्षा, स्वास्थ्य और बुनियादी ढांचे के क्षेत्र में आगे ले जाने में उनका बड़ा योगदान रहा। कार्यक्रम में हेमन्त बगड़वाल, सतीश नैनवाल, जीवन कार्की, समाजसेवी गोविंद बिष्ट, जिला महामंत्री मलय बिष्ट, महिला महानगर अध्यक्ष मधु सांगूड़ी, भावना पाठक, विमला सांगूड़ी, पुष्पा मेहता, गोविंदी लोबियाल, गीता बहुगुणा, मीमांशा आर्य, दीपा गोस्वामी, पूर्व ब्लॉक प्रमुख भोला भट्ट, प्रकाश पांडे, पूर्व दर्जा राज्यमंत्री सुहैल सिद्दीकी, हेम दुगार्पाल, महानगर कोषाध्यक्ष कन्नू परगाई, ब्लॉक अध्यक्ष मोहन बिष्ट आदि मौजूद रहे।

# खूंखार कुत्तों का मासूम बच्ची पर हमला, सीसीटीवी में कैद हुई घटना

**हरिद्वार: ज्वालापुर** स्थित कस्साबान मोहल्ले में दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है। एक बच्ची पर खूंखार कुत्तों के झुंड ने हमला कर दिया। ये घटना रविवार की शेखों वाली गली की है। बच्ची पर हमले की घटना इलाके में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। वीडियो में कुत्ते बच्ची पर बर्बरता से झपटे। बताया जा रहा है कि बच्ची जैसे ही घर से बाहर निकली, घात लगाए बैठे कुत्तों के झुंड ने उसे घेर लिया और उस पर हमला कर दिया। बच्ची के चीखने की आवाज सुनकर आसपास के लोग तुरंत मौके पर पहुंचे।

# ग्राम प्रहरियों को 18 महीने से नहीं मिला मानदेय

**टीम एक्शन इंडिया**
**पौड़ी गढ़वाल: तहसील** पौड़ी के ग्राम प्रहरियों को पिछले 18 महीने से मानदेय नहीं मिल पाया है। जिससे ग्राम प्रहरियों में नाराजगी बनी हुई है। सोमवार को सीटू से संबंद्ध ग्राम प्रहरियों ने हेमवती नंदन बहुगुणा मूर्ति स्थल पर धरना देते हुए एडीएम के माध्यम से सीएम को ज्ञापन भेजकर जल्द ही बकाया मानदेय व न्यूनतम वेतन 18 हजार देने की मांग उठाई। सोमवार को डीएम कार्यालय के बाहर हेमवती नंदन बहुगुणा मूर्ति स्थल पर धरना देते हुए ग्राम प्रहरी संगठन के संयोजक मकान सिंह, राजेंद्र सिंह, मनोज कुमार आदि ने कहा कि उन्हें मात्र 2 हजार मानदेय दिया जाता है लेकिन बीते 18 महीनें से



मानदेय नहीं मिलने से उन्हें आर्थिकी की समस्या से जूझना पड़ रहा है। धरने में सीटू के जिला महामंत्री देवानंद नौटियाल ने कहा कि पिछले 18 महीने से ग्राम प्रहरियों को मानदेय नहीं मिलना अन्याय है। कहा कि उन्हें जल्द बकाया भुगतान व 18 हजार न्यूनतम वेतन दिया जाए। धरने में सुनील जुयाल, पन्नीलाल, कैलाश चंद्र, संजय कुमार, मोहन लाल, कमल सिंह, सुनील पटवाल, धमानंद, नरेंद्र लाल आदि शामिल रहे।

# कुमाऊं विश्वविद्यालय जल्द प्रारंभ करेगा अपना पहला स्टार्टअप



**टीम एक्शन इंडिया**
**नैनीताल: कुमाऊं** विश्वविद्यालय नवाचार और शोध के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण कदम उठाने जा रहा है। विश्वविद्यालय जल्द ही अपना पहला स्टार्टअप प्रारंभ करेगा, जिसके तहत हर्बल एवं कॉस्मेटिक उत्पादों का निर्माण किया जाएगा। यह स्टार्टअप विश्वविद्यालय के भीमताल स्थित फामेर्सी विभाग में स्थापित किया जाएगा। इस पहल का उद्देश्य शोध को व्यावसायिक रूप देना, नवाचार को बढ़ावा देना और विद्यार्थियों को उद्योग से जोड़ना है।

**कुलपति ने बताया उद्देश्य:** कुलपति प्रो. दीवान सिंह रावत ने बताया कि विश्वविद्यालय में शिक्षा, शोध और नवाचार को प्राथमिकता दी जाती है। इस स्टार्टअप के माध्यम से छात्रों और शोधकताओं को उद्योग से जोड़ने और आत्मनिर्भर भारत अभियान को सशक्त करने की दिशा में प्रभावी कदम उठाया जाएगा। प्रो. रावत ने कहा, "हमारा यह प्रयास न केवल गुणवत्ता युक्त हर्बल और कॉस्मेटिक उत्पादों का निर्माण करेगा, बल्कि स्थानीय संसाधनों का उपयोग कर क्षेत्रीय विकास को भी गति देगा। मैं विश्वविद्यालय के सभी

**उद्यमिता**

**विद्यार्थियों को वैज्ञानिक अनुसंधान के साथ-साथ स्वरोजगार और उद्यमिता के लिए भी प्रेरित किया जाएगा**

शोधकर्ताओं, शिक्षकों और विद्यार्थियों से आह्वान करता हूं कि वे इस पहल का हिस्सा बनें और नवाचार के क्षेत्र में विश्वविद्यालय को नई ऊंचाई तक पहुंचाएं।"

**शोध और नवाचार को बढ़ावा:** वैज्ञानिकों, शोधकताओं और विद्यार्थियों को अपने अनुसंधानों को व्यावसायिक रूप देने का अवसर मिलेगा।

**स्थानीय संसाधनों का उपयोग:** उत्तराखंड के समृद्ध प्राकृतिक संसाधनों, जैसे कि जड़ी-बूटियों और औषधीय पौधों का उपयोग कर उत्पाद तैयार किए जाएंगे।

**रोजगार और उद्यमिता को प्रोत्साहन:** विद्यार्थियों को वैज्ञानिक अनुसंधान के साथ-साथ स्वरोजगार और उद्यमिता के लिए भी प्रेरित किया जाएगा।

# गुरु का मार्ग दर्शन ही कराता है ईश्वर का दर्शन: भारती

**टीम एक्शन इंडिया**
**देहरादून**। दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान के निरंजनपुर स्थित आश्रम सभागार में साप्ताहिक सत्संग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान आध्यात्मिक प्रवचनों और भजन संध्या का आयोजन हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया। सत्संग को संबोधित करते हुए साध्वी विदुषी स्मिता भारती जी ने कहा कि "ईश्वर को जानना और अनुभव करना तभी संभव है जब कोई पूर्ण गुरु के सानिध्य में आकर ब्रह्मज्ञान प्राप्त करे। गुरु का मार्गदर्शन ही भक्त को ईश्वर के साक्षात्कार तक पहुंचा सकता है।" उन्होंने बताया कि संत-महापुरुषों की संगति और सत्संग से ही मनुष्य आध्यात्मिक रहस्यों को समझ सकता है और अपने जीवन को सार्थक बना सकता है। साध्वी जी ने महात्मा बुद्ध और भक्त प्रहलाद के उदाहरण देकर समझाया कि आध्यात्मिक यात्रा में चार प्रकार के लोग होते हैं—कुछ जो अज्ञान में ही जीवन व्यतीत करते हैं, कुछ जो ज्ञान प्राप्त कर भी अमल नहीं करते, कुछ जो प्रकाश की ओर बढ़ते हैं और कुछ जो स्वयं प्रकाशित होकर दूसरों का मार्गदर्शन करते हैं। कार्यक्रम के दौरान भक्तिमय भजनों का भी आयोजन हुआ, जिनमें "तेरी शरण रहें हम प्रभु," "ओम नमः शिवाय," और "मेरा रंग दे बसंती चोला" जैसे भजनों ने श्रद्धालुओं को भावविभोर कर दिया।

**भावविभोर**

**ओम नमः शिवाय," और "मेरा रंग दे बसंती चोला" जैसे भजनों ने श्रद्धालुओं को भावविभोर कर दिया**

# विश्व शांति के लिए ब्राह्मण समाज ने किया शतचंडी यज्ञ



**टीम एक्शन इंडिया**
**देहरादून: भारतीय** नेपाली ब्राहमण समिति ने विश्व शांति के लिए शतचंडी यज्ञ आयोजित किया। सोमवार को यज्ञ का विश्राम हुआ। काली माता मंदिर रायपुर रोड में आयोजित इस कार्यक्रम में समापन पर ब्राह्मण समाज उत्थान परिषद के अध्यक्ष सुभाष जोशी, वरिष्ठ उपाध्यक्ष एसपी पाठक, संरक्षक सिद्धनाथ उपाध्याय, महामंत्री उमा नरेश तिवारी, मंत्री जयकरण मिश्रा, मीडिया प्रभारी प्रवक्ता डॉ. वी डी शर्मा उपस्थित थे। उनके साथ जो अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे उनमें संगठन मंत्री आलोक पांडे, संयुक्त मंत्री उमा शंकर शर्मा, विजय कुमार पाण्डेय, दिनेश्वर दुबे, इंद्र देव शुक्ला देवमणि तिवारी आदि ने देवी माता का आशिर्वाद प्राप्त किया। कार्यक्रम के अंत में समिति ने स्मृति चिन्ह वितरित किए।

# गोकशी करते तीन दबोचे, डेढ़ क्विंटल गोमांस बरामद

**हरिद्वार: पुलिस** ने छापा मारकर तीन गोकशी करने वालों को रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपितों के पास से डेढ़ क्विंटल गोमांस बरामद किया है। जानकारी के मुताबिक रानीपुर कोतवाली पुलिस को मुखबिर द्वारा थाना क्षेत्र के आजादनगर कॉलोनी दादूपुर के पास स्थित मकान में गोकशी की सूचना मिली। सूचना पर पुलिस ने छापा मारकर तीन आरोपितों को रंगेहाथों दबोच लिया। पुलिस ने मौके से डेढ़ क्विंटल गोमांस और गोकशी के उपकरण बरामद किए। पुलिस पूछताछ में आरोपितों ने अपने नाम अनीस उम्र गोबिंदपुर रानीपुर व साहिल उम्र 20 मुजफ्फरनगर उ.प्र. बताए। पुलिस ने तीनों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उनका चालान कर दिया है।

# राज्यपाल ने निःशुल्क 'एक्यूपंक्चर चिकित्सा' शिविर का किया शुभारंभ

**शिविर**

▸▸ शिविर का आयोजन रेडक्रॉस शाखा द्वारा अखिल भारतीय एक्यूपंक्चर फाउंडेशन के सहयोग से किया जा रहा है




**टीम एक्शन इंडिया**
**चमन शर्मा**

**शिमला:** राज्यपाल एवं हिमाचल प्रदेश राज्य रेडक्रॉस सोसाइटी के अध्यक्ष शिव प्रताप शुक्ल ने आज राज्य रेडक्रॉस भवन में दो दिवसीय निःशुल्क 'एक्यूपंक्चर चिकित्साइ शिविर का शुभारंभ किया। शिविर का आयोजन हिमाचल प्रदेश राज्य रेडक्रॉस शाखा द्वारा अखिल भारतीय एक्यूपंक्चर फाउंडेशन के सहयोग से किया जा रहा है। इस अवसर पर राज्य रेडक्रॉस अस्पताल कल्याण अनुभाग की अध्यक्ष जानकी शुक्ला भी उपस्थित थी। इस अवसर पर राज्यपाल ने कहा कि राज्य रेडक्रॉस सोसायटी लोगों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करने के लिए निरंतर प्रयास कर रही है। उन्होंने कहा कि गत वर्ष भी इस प्रकार के एक्यूपंक्चर शिविर का आयोजन किया गया था जिसका बड़ी संख्या में लोगों ने लाभ उठाया था। शिविर की सफलता को देखते हुए इस वर्ष भी शिविर का अयोजन किया जा रहा है। इस शिविर में प्रसिद्ध एक्यूपंक्चर विशेषज्ञ डॉ. सुनील कुमार सेवाएं प्रदान करेंगे। उन्होंने कहा कि एक्यूपंक्चर उपचार की एक प्रभावी प्राकृतिक पद्धति है। राज्यपाल के सचिव एवं राज्य रेडक्रॉस के महासचिव सीपी वर्मा और रेडक्रॉस सोसायटी के आजीवन सदस्य भी इस अवसर पर उपस्थित थे।

# नलवाड़ी मेले के समापन पर सीएम का न आना परंपरा से खिलवाड़ः सुभाष ठाकुर

**गौरवमयी परंपरा**

▸▸ उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री के नलवाड़ी मेले मे आने की गौरवमयी परंपरा रही है



**टीम एक्शन इंडिया**
**कश्मीर ठाकुर**

**बिलासपुरः** सीएम साहब को बिलासपुर के कांग्रेस नेताओं की राजनीति से एतराज हो सकता है लेकिन जनता ने उनका क्या बिगाड़ा है, पूरे वर्ष में राज्य स्तरीय नलवाड़ी मेला का समापन एक ऐसा पर्व होता है जबकि प्रदेश के मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में सारा कार्यक्रम होता है, यही नहीं सीएम अपने मित्रों एवं सहयोगियों के साथ रात्रि कार्यक्रम का भी लुत्फ उठाते हैं लेकिन तीन साल में मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह एक बार भी इस पर्व पर बिलासपुर नहीं आए जिससे जनता में भारी रोष है। यह बात भाजपा सदर मंडल के पूर्व प्रवक्ता सुभाष ठाकुर ने प्रैस को जारी बयान में कही। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री के नलवाड़ी मेले मे आने की गौरवमयी परंपरा रही है लेकिन कांग्रेस की इस सरकार ने इस परंपरा को ही बंद कर दिया है। सुभाष ठाकुर ने कहा कि मुख्यमंत्री का जिला में आना बहुत सी उम्मीदों से भरा होता है। बिलासपुर में भाखड़ा विस्थापित, वरिष्ठ नागरिक व अन्य संगठन उनकी आवभगत के लिए तैयार बैठे थें लेकिन अंतिम क्षणों में उन्हें निराशा ही हाथ लगी। वहीं अन्य मसलों पर सुभाष ठाकुर ने कहा कि वित्तीय कुप्रबंधन से आर्थिक कंगाली से जूझ रही प्रदेश की कांग्रेस सरकार लोगों पर और वित्तीय बोझ डालने का प्रयास कर रही है। प्रदेश सरकार ने चेहतों को लाभान्वित करने के लिए रेवडि ?ों की तरह लाभ के पद दिए हैं, इन्हें हटाने की जगह प्रदेश सरकार ने अब बिजली पर सेस लगाने का प्रस्ताव तैयार कर लिया है जबकि पूर्व प्रदेश सरकार के समय 125 यूनिट बिजली फ्री में दी जाती थी।

## संक्षिप्त खबरें

### केंद्रीय गृह मंत्री से कई महत्त्वपूर्ण मुद्दों पर हुई चर्चा: मुख्यमंत्री

**टीम एक्शन इंडिया**
**चमन शर्मा**

**शिमलाः** मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने गत दिवस को पत्रकारों से अनौपचारिक बातचीत में कहा कि उन्होंने हाल ही में अपने नई दिल्ली प्रवास के दौरान केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह से भेंट कर कई महत्त्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा की। उन्होंने गृह मंत्री से वर्ष 2023-2024 में प्राकृतिक आपदा के एवज में 9042 करोड़ रुपये की पोस्ट डिजास्टर नीड एसस्मेंट को शीघ्र जारी करने का अनुरोध किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि गृह मंत्री ने उन्हें आश्वासन दिया कि वह जल्द से इस बारे में कार्रवाई करेंगे। उन्होंने कहा कि ड्रग्स के बारे में भी चर्चा की गई तथा केंद्रीय मंत्री को अवगत करवाया कि प्रदेश में ड्रग्स के मामलों में 30 प्रतिशत कमी आई है। इससे प्रभावी ढंग से निपटने के लिए विधानसभा में एक एक्ट भी लाया जा रहा है। एक अन्य प्रश्न के उत्तर में मुख्यमंत्री ने कहा कि हिमाचल प्रदेश कांग्रेस प्रभारी रजनी पाटिल पार्टी के नेताओं से चर्चा कर कांग्रेस पार्टी हाईकमान के अनुमोदन से शीघ्र ही प्रदेश पार्टी संगठन की घोषणा करेंगी।

उन्होंने कहा कि शिमला एयरपोर्ट पर विमान में आई तकनीकी खराबी के बारे में वह केन्द्रीय नागरिक विमानन मंत्री से बातचीत करेंगे।

### शिमला में मांगो को लेकर अनिश्चितकालीन हड़ताल पर बैठे जल रक्षक, नियमितिकरण को लेकर पॉलिसी में संशोधन करने की कर रहे मांग

**टीम एक्शन इंडिया**
**चमन शर्मा**

**शिमलाः** हिमाचल विधानसभा के बजट सत्र के ग्यारहवें दिन आज जल रक्षकों ने शिमला के चौड़ा मैदान में अपनी मांगों को लेकर धरना प्रदर्शन किया और सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। जल रक्षक लंबे समय से नियमितिकरण को लेकर पॉलिसी में संशोधन करने की मांग उठा रहे हैं। संघ ने सरकार को चेतावनी दी है कि सरकार जबतक उनकी मांगे नहीं मानेगी तब धरना जारी रहेगा। जल रक्षक संघ के प्रदेशाध्यक्ष रूप लाल ने बताया कि प्रदेशभर में नौ हजार के करीब जलरक्षक सेवाएं दे रहे हैं। उन्होंने बताया कि प्रदेश सरकार ने मात्र 300 रुपए वेतन बढ़ाया है। उन्हें 56 सौ रुपए वेतन दिया जा रहा है, जिससे उन्हें आर्थिक परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि 12 साल सेवाएं देने के बाद जल रक्षकों को अनुबंध पर लाया जाता है। इस अवधि को घटकर 7 वर्ष किया जाना चाहिए। उन्हें पूर्ण रूप से जल शक्ति विभाग में शामिल किया जाना चाहिए। रूप लाल ने कहा कि सीएम और डिप्टी सीएम से उन्हें केवल आश्वाशन ही मिला लेकिन अभी तक कोई नीति नहीं बन पाई। ऐसे में इस बार जब तक सरकार उनसे बात करके मांगे नहीं मानते है तब तक धरना जारी रहेगा।

### पांवटा बद्रीपुर चौक पर हाईटेक ट्रैफिक लाइट शुरू

**नाहन**

सिरमौर जिले के पांवटा साहिब में ट्रैफिक व्यवस्था को सुधारने के लिए बड़ा कदम उठाया गया है। शहर के प्रमुख बद्रीपुर चौक पर नई हाईटेक ट्रैफिक लाइट स्थापित कर दी गई है। इस अवसर पर एएसपी सिरमौर योगेश रोल्टा और पांवटा साहिब के एसडीएम गुंजित सिंह चीमा विशेष रूप से मौजूद रहे।

एएसपी सिरमौर योगेश रोल्टायोगेश रोल्टा ने कहा कि बद्रीपुर चौक पर 2010 में पहली बार ट्रैफिक लाइट लगाई गई थी, लेकिन हाईवे निर्माण के दौरान यह टूट गई थी। इसके बाद यहां ट्रैफिक जाम और सड़क हादसे आम समस्या बन गए थे। अब मैनकाइंड फार्मा कंपनी ने ?7 लाख की लागत से नई हाईटेक ट्रैफिक लाइट लगवाई है, जिससे ट्रैफिक नियंत्रण में मदद मिलेगी और दुर्घटनाओं में कमी आएगी। नई ट्रैफिक लाइट के साथ एक नया ट्रैफिक प्लान भी तैयार किया जाएगा जिससे लोगों को सुचारू यातायात व्यवस्था मिले और जाम की समस्या से राहत मिल सके। प्रशासन इस विषय पर लगातार कार्य कर रहा है और जल्द ही पूरे शहर की ट्रैफिक व्यवस्था को और बेहतर बनाने के लिए कदम उठाए जाएंगे।

## पंजाब के दो व्यक्ति 38 ग्राम हेरोइन के साथ गिरफ्तार

**कुल्लू/टीम एक्शन इंडिया**

कुल्लू मंडी सीमा पर स्थित ओट के समीप एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स द्वारा हेरोइन तस्करी के आरोप में दो व्यक्तियों को गिरफ्तार किया है। दोनों आरोपियों को संबधित थाना के सुपुर्द कर दिया गया है।

नशा तस्करी का मामला रविवार बीती रात उस दौरान सामने आया जब एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स की टीम गश्त पर थी। इस दौरान टीम को गुप्त सूत्रों से जानकारी मिली कि दो व्यक्ति नशे की खेप लेकर जा रहे हैं। सूचना के आधार पर टीम ने योजन बनाकर शनि मंदिर के समीप सामने से आ रहे दो व्यक्तियों को दबोच लिया।

# 70 करोड़ से पूर्ण होगा सुन्नी लुहरी सडक का उन्नयन कार्यः विक्रमादित्य सिंह

**भूमि पूजन**

▸▸ उन्होंने कहा कि सुन्नी बाँध जल विद्युत परियोजना प्रदेश और देश निर्माण के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है



**टीम एक्शन इंडिया**
**चमन शर्मा**

**शिमलाः** लोक निर्माण एवं शहरी विकास मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने आज शिमला ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम पंचायत चेबडी के गांव लोटी में सलापड़-तत्तापानी-सुन्नी-लुहरी सडक के सुधार एवं उन्नयन कार्य का भूमि पूजन किया। सडक का उन्नयन कार्य लगभग 70 करोड़ रुपए से पूर्ण किया जाएगा। लोक निर्माण मंत्री ने कहा कि सुन्नी लुहरी सडक क्षेत्र की एक महत्वपूर्ण सडक है जो प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रूप से क्षेत्र के शकरोडी, चेबड़ी, भराड़ा, ओगली एवं बाग पंचायत को जोड़ती है। सडक का उन्नयन कार्य पूर्ण होने से क्षेत्र की जनता को इसका लाभ प्राप्त होगा। सडक निर्माण में सुन्नी बाँध जल विद्युत परियोजना का महत्वपूर्ण योगदान है। उन्होंने कहा कि सुन्नी बाँध जल विद्युत परियोजना प्रदेश और देश निर्माण के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। इस परियोजना का निर्माण कार्य पूर्ण होना सभी के लिए हितकारी है। बड़े स्तर की परियोजना में छोटी - छोटी दिक्कते आती रहती है लेकिन उनका समाधान एवं क्षेत्र के लोगों के हितों की रक्षा करना भी हमारी जिम्मेदारी है जिसके लिए सतलुज जल विद्युत निगम के अधिकारियों को आवशयक दिशा - निर्देश जारी किये गए है ताकि लोगों को समस्याओं का सामना न करना पड़े। प्रभावितों को रोजगार में दे प्राथमिकता : लोक निर्माण मंत्री

लोक निर्माण मंत्री ने निमार्णाधीन सुन्नी बाँध जल विद्युत परियोजना का भी निरीक्षण किया। खैरा में सतलुज जल विद्युत निगम के अधिकारियों के साथ आयोजित बैठक में मंत्री ने कहा कि बांध प्रभावित परिवारों को रोजगार में प्राथमिकता प्रदान करें ताकि क्षेत्र के लोगों को उसका लाभ मिल सके। उन्होंने कहा कि बांध परियोजना से संबंधित जो भी मसले सरकार के स्तर के होंगे उन सभी मुद्दों को सरकार के समक्ष रखा जाएगा ताकि उनका समाधान निकाल कर परियोजना को समयबद्ध पूर्ण किया जा सके। इस दौरान सतलुज जल विद्युत निगम के अधिकारियों बांध परियोजना की प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत की। इस अवसर पर अध्यक्ष नगर परिषद सुन्नी प्रदीप शर्मा, जिला परिषद सदस्य रीना कश्यप, पूर्व ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष गोपाल शर्मा, परियोजना प्रमुख एसजेवीएनएल राजीव अग्रवाल, परियोजना निदेशक ऋत्विक कंपनी कृष्णा कुमार सत्ती सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति भी उपस्थित रहे।

# स्वास्थ्य मंत्री डॉ. धनीराम शांडिल ने घायल पीएसओ संजीव कुमार का जाना कुशलक्षेम

**टीम एक्शन इंडिया**
**कश्मीर ठाकुर**

**बिलासपुरः** स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता तथा सैनिक कल्याण मंत्री डॉ. धनीराम शांडिल ने पिछले कल देर शाम नलवाड़ी मेले के समापन समारोह के बाद एम्स बिलासपुर पहुंचकर पूर्व विधायक बाबर ठाकुर पर हुए हमले में घायल पुलिस सुरक्षा अधिकारी संजीव कुमार से मुलाकात की। उन्होंने संजीव कुमार का हालचाल जाना और उनके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की। डॉ. शांडिल ने अस्पताल



प्रशासन और चिकित्सकों से उनके उपचार की विस्तृत जानकारी ली और निर्देश दिए कि संजीव कुमार को सर्वोत्तम चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं।

उन्होंने कहा कि राज्य सरकार उनके शीघ्र स्वास्थ्य लाभ के लिए हरसंभव सहायता प्रदान करेगी और यह सुनिश्चित किया जाएगा कि उनके इलाज में कोई कमी न रहे। उन्होंने इस घटना की कड़ी निंदा करते हुए कहा कि दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी और कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए हरसंभव कदम उठाए जाएंगे।

## पाइपलाइन लीकेज से फिसलन बनी जानलेवा, हादसे में लड़की घायल

**नाहन**

पांवटा ब्लॉक के अंतर्गत पंचायत कंडेला अदवार में जल शक्ति विभाग की घोर लापरवाही का मामला सामने आया है। उप प्रधान के घर के पास पाइपलाइन क्षतिग्रस्त होने के कारण सड़क पर लगातार पानी बह रहा है, जिससे फिसलन बढ़ गई है। इस कारण यहां पहले भी कई लोग गिरकर चोटिल हो चुके हैं, लेकिन प्रशासन की ओर से इस समस्या की अब तक अनदेखी की गई। ताजा घटना में एक ट्रैक्टर दुर्घटनाग्रस्त हो गया, जो बजरी लेकर जा रहा था। फिसलन के कारण ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर पलट गया।

## वीएम बिलासपुर इलेवन ने बैंकर्स एंड रेलवे इलेवन को हराकर जीता तीसरा मैच



**टीम एक्शन इंडिया**
**कश्मीर ठाकुर**

**बिलासपुरः** जिला प्रशासन एवं बिलासपुर क्रिकेट संघ के संयुक्त तत्वावधान में चल रही इंटर डिपार्टमेंट क्रिकेट प्रतियोगिता में रविवार को खेले गए तीसरे और अंतिम लीग मैच में बिलासपुर व्यापार मंडल ने अपना विजयी अभियान जारी रखते हुए बैंकर्स एंड रेलवे इलेवन को 42 रनों की करारी शिकस्त देकर प्रतियोगिता के क्वार्टर फाइनल मुकाबले में प्रवेश कर लिया है। बिलासपुर व्यापार मंडल इलेवन ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया। जिसमें निर्धारित 15 ओवरों में आठ विकेट के नुकसान पर 124 रन बनाए। जिसमें सलामी बल्लेबाज राघव ने 31 रन बनाए, जबकि सुमित बिना खाता खोले पैवेलियन लौट गए। इसके बाद अजय और विनेंद्र ने पारी को संभाला और अजय ने 12 तथा विनेंद्र ने 27 जोड़े। जुमित राय ने नौ गेंदों में ताबड़तोड़ 20 महत्वपूर्ण रन बनाए। इसके अलावा अंकित ने दस रन बनाए। विरोधी टीम की ओर से आशीष शर्मा ने तीन, एसएम मिश्रा ने दो तथा आदिल वानी, सुशील और बलवंत ठाकुर ने एक-एक विकेट हासिल किया। वहीं लक्ष्य का पीछा करने उतरी बैंकर्स एंड रेलवे इलेवन आठ विकेट खोकर 82 रन ही बना सकी। इस टीम में आशीष शर्मा ने 21, रणजीत धीमान ने 34 तथा सुशील ने 11 रन बनाए जबकि शेष बल्लेबाज दहाई का आंकड़ा पार न कर सके। बिलासपुर व्यापार मंडल इलेवन की ओर से विकास टेस्सू ने सर्वाधिक तीन विकेट हासिल किए जबकि विनेंद्र डोगरा ने दो, राघव और अजय ठाकुर ने एक-एक विकेट हासिल किया।

बिलासपुर व्यापार मंडल इलेवन के कप्तान विजय कुमार ने बताया कि इस टीम के सभी खिलाडि ?ों ने बेहतरीन प्रदर्शन कर लीग के सभी मैच जीत लिए हैं तथा अब नॉक आउट क्वार्टर फाइनल मुकाबलों में मंगलवार को टीम अपना मैच एसीसी इलेवन के साथ खेलेगी।

# मिनर्वा स्कूल में दाखिले के लिए 520 बच्चों ने दिया एंट्रेंस टैस्ट

**पहली पसंद**

▸▸ बच्चों की बेहतर शिक्षा के लिए मिनर्वा स्कूल घुमारवीं अभिभावकों की पहली पसंद बना है



**टीम एक्शन इंडिया**
**कश्मीर ठाकुर**

**बिलासपुरः** बच्चों की बेहतर शिक्षा के लिए मिनर्वा स्कूल घुमारवीं अभिभावकों की पहली पसंद बना है। इसका अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि स्कूल में प्रवेश पाने के लिए आयोजित पहले प्रवेश परीक्षा में लगभग 520 बच्चों ने अपना भाग्य आजमाया। मिनर्वा स्कूल में रविवार को प्रवेश परीक्षा टैस्ट का आयोजन किया। जिसमें बिलासपुर ही नहीं अन्य जिलों से बच्चे टैस्ट देने पहुंचे। पहले चरण की परीक्षा में दाखिले के लिए 520 से अधिक बच्चों ने एंट्रेंस टैस्ट दिया। यह जानकारी देते हुए पाठशाला के प्रधानाचार्य परवेश चंदेल ने बताया कि पहले चरण की परीक्षा में पहली से दसवीं कक्षा तक 300 बच्चों ने टैस्ट दिया। वहीं जमा एक व जमा दो की कक्षाओं के लिए 230 बच्चों ने एंट्रेंस टेस्ट दिया। 25 मार्च को एंट्रेंस टैस्ट का रिजल्ट स्कूल की वेबसाइट पर डाल दिया जाएगा। । परीक्षा में मैरिट के आधार पर ही दाखिला मिलेगा। उन्होंने बताया कि इस परीक्षा को यदि कोई बच्चा भाग न ले सका हो या कोई उतीर्ण नहीं कर सका हो तो वह 30 मार्च व 4 अप्रैल को आयोजित होने वाले एंट्रेंस टैस्ट में भाग ले सकते हैं। उन्होंने बताया कि पहले चरण की परीक्षा का परिणाम 25 मार्च को घाषित किया जाएगा। जो बच्चे इस परीक्षा में उतीर्ण होंगे वह छह अप्रैल तक अपना एडमिशन स्कूल में करवा लें। 10 अप्रैल से नए सेशन की कक्षाएं शुरू हो जाएंगी। प्रवेश चंदेल ने बताया कि एंट्रेन्स टेस्ट में दूसरी कक्षा से लेकर पांचवीं कक्षा तक के बच्चों की परीक्षा 25 अंकों की रखी गई थी। जबकि छठी कक्षा से लेकर नौवीं कक्षा तक के बच्चों की परीक्षा 35ए दसवीं कक्षा के बच्चों की परीक्षा 45ए जमा एक तथा जमा दो की परीक्षा में 60 अंकों के प्रश्न पूछे गए।

# राष्ट्रीय पशु रोग नियंत्रण कार्यक्रम के तहत घनाहटी प्रशिक्षण केंद्र में शिविर आयोजित

**टीम एक्शन इंडिया**

**घनाहटीः** पशु पालन विभाग के प्रशिक्षण केंद्र, घनाहटी में आज राष्ट्रीय पशु रोग नियंत्रण कार्यक्रम (ह्वष्ठष्टक्क) के अंतर्गत एक महत्वपूर्ण शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर का मुख्य उद्देश्य पशुओं में होने वाली संक्रामक बीमारियों जैसे खुरपका-मुंहपका रोग (स्नरूष्ठ) और ब्रुसेलोसिस के नियंत्रण हेतु टीकाकरण और जागरूकता पर जोर देना था। शिविर में 50 पशु पालकों एवं जन प्रतिनिधियों ने सक्रिय रूप से भाग लिया और विशेषज्ञों से पशु स्वास्थ्य संबंधी जानकारी प्राप्त की। शिविर का संचालन पशु पालन विभाग के उपनिदेशक डॉ. नीरज मोहन के नेतृत्व में किया गया। इस अवसर पर सहायक निदेशक डॉ. अमित अत्री, सहायक निदेशक डॉ. हितेंद्र ग्रेक, वरिष्ठ



चिकित्सा अधिकारी डॉ. मधुर गुप्ता, डॉ. हीना बहल, डॉ. अक्षय धवन, डॉ. ऐश्वर्या और डॉ. ऋषभ मेहता जैसे विशेषज्ञ मौजूद रहे। इन सभी ने पशुओं में होने वाली प्रमुख बीमारियों के लक्षण, संक्रमण के तरीके, उपचार और रोकथाम के उपायों के बारे में विस्तार से बताया। डॉ. ऐश्वर्या और डॉ अक्षय धवन ने खुरपका-मुंहपका और डॉ ऋषभ मेहता ने ब्रुसेलोसिस रोगों पर विशेष ध्यान देते हुए इनके लक्षणों, प्रसार के माध्यमों और रोकथाम के तरीकों पर प्रकाश डाला। डॉ. अमित अत्री ने पशु पालकों द्वारा पूछे गए विभिन्न प्रश्नों के उत्तर देकर उनकी शंकाओं का समाधान किया। वहीं, डॉ. हीना बहल ने पशुओं के रख-रखाव और देखभाल के महत्व पर जोर दिया। वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी डॉ. मधुर गुप्ता ने पशु पोषण के महत्व को रेखांकित करते हुए कहा कि संतुलित आहार से पशुओं की रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ती है, जिससे संक्रामक रोगों का खतरा कम होता है। उन्होंने यह भी सलाह दी कि कच्चे दूध को हमेशा उबालकर प्रयोग करना चाहिए, क्योंकि इसमें जूनोटिक बीमारियों (पशुओं से मनुष्यों में फैलने वाली बीमारियों) का खतरा रहता है। उबालने से कीटाणु नष्ट हो जाते हैं, जिससे दूध सुरक्षित हो जाता है,साथ ही साथ उन्होंने बताया कि मांस मछली और अंडे को भी उबाल कर या आग पर पका कर ही खाना चाहिए,कच्छे दूध,अंडे और मांस का सेवन कभी नहीं करना चाहिए



कार्यालय ग्राम पंचायत तलाड़ा
विकास खंड फतेहपुर, जिला कांगड़ा (हि.प्र.)

प्रस्ताव संख्या : 04 अध्यक्षः प्रधान श्रीमति नीलम कुमारी दिनांक :21.03.2025

वर्ष 2025-26 में विकास कार्यों में प्रयोग की जाने वाली सामग्री की सप्लाई हेतु निविधाएं आमन्त्रित करने बारे:

ग्राम पंचायत की बैठक में प्रधान श्री नीलम कुमार द्वारा यह प्रस्ताव रखा गया कि पंचायत द्वारा वर्ष 2025-26 हेतु विकास कार्यों में प्रयोग की जाने वाली सामग्री हेतु सप्लायरों से निविधाएं आमन्त्रित की जानी आवश्यक है, ताकि आगामी वित्त वर्ष में पंचायत द्वारा विकास कार्यों का संचालन सुचारू रूप से किया जा सके।

सामग्री का विवरण निम्नलिखित है

| क्र०सं० | विवरण | मात्रा |
|---|---|---|
| 1 | क्रेशर बजरी | @1$m^3$ |
| 2 | क्रेशर रेता | @1$m^3$ |
| 3 | क्रेशर पत्थर | @1$m^3$ |
| 4 | सोलिंग पत्थर | @1$m^3$ |
| 5 | पत्थर लोकल | @1$m^3$ |
| 6 | रेता लोकल | @1$m^3$ |
| 7 | बजरी लोकल | @1$m^3$ |
| 8 | सरिया )08mm,10mm,12mm,16mm etc.) | @kg |
| 9 | ईंट | @1000 no |
| 10 | शटरिंग IRON | @1$m^2$ |
| 11 | टैंकर पानी | @1 Tank |
| 12 | मिक्सचर मशीन | 1 @दिन |
| 13 | बोर्ड (सीमेंट)size अनुसार लिखाई सहित | @1 no. |
| 14 | जे०सी०बी० | प्रति घंटा @ |
| 15 | बैंच | @1 no. |
| 16 | Floor Tile | @1no. |
| 17 | Wall Tile | @1no. |
| 18 | Paint,door, window | @1no. |
| 19 | सीमेंट बैग किराया )HPCSCo. Fatehpur से कार्य स्थान तक) | प्रति बैग किराया @ |
| 20 [illegible] | | |
| 21 [illegible] | | |
| 22 [illegible] | | |
| 23 [illegible] | | |

साथ ही, अन्य कोई भी सामग्री जो विकास कार्य हेतु उपयोग की जाती हो। विकास कार्यों में प्रयोग की जाने वाली सामग्री मात्रा के अनुसार हो। उपरोक्त सामग्री सप्लायरों से अनुरोध है कि दिनांक 06/04/2025 तक शाम पांच बजे तक,निविधाएं पंजीकृत / बंद लिफाफे (डाक द्वारा) या कार्यालय ग्राम पंचायत तलाड़ा में जमा करवा सकते है।

नोट : सप्लायर के पास GST NO.होना चाहिए। अतः जिस सप्लायर के पास GST NO. नहीं होगा उसकी निविधाएं पर विचार-विमर्श नहीं किया जाएगा। तथा X / Y/W/M तथा योग्य फॉर्म के बिना सप्लाई की गई सामग्री की अदायगी पंचायत द्वारा नहीं की जाएगी और सप्लाई की जाने वाली सामग्री की दरें हि.प्र. सरकार द्वारा निर्धारित दरों (Shedule Rates) से भी कम नहीं होनी चाहिए। दिनांक 06/04/2025 के बाद प्राप्त होने वाली निविदाएं अमान्य होंगी। इसके अलावा यदि किसी सप्लायर की निविधाएं स्वीकृत हो जाती है और वह निर्धारित मापदण्डो के अनुसार सही सामग्री की सप्लाई नहीं करता है तो ग्राम पंचायत द्वारा तुरंत प्रभाव से उसकी निविधाएं निरस्त करके अगले सप्लायर/ Vendor की निविधाएं स्वीकृत करके सामग्री ली ली जाएगी। उपरोक्त निविधाएं दिनांक 07/04/2025 को दोपहर 12बजे कमेटी के समक्ष खोली जाएगी।

सचिव
ग्राम पंचायत तलाड़ा

## आईपीएल 2025 : सनराइजर्स हैदराबाद ने राजस्थान रॉयल्स को 44 रनों से हराया

एजेंसी

**हैदराबाद।** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2025 में रविवार को खेले गए दूसरे मुकाबले में सनराइजर्स हैदराबाद ने राजस्थान रॉयल्स को 44 रनों के अंतर से हरा दिया। हैदराबाद के राजीव गांधी इंटरनेशनल स्टेडियम में खेले गए मुकाबले में टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी सनराइजर्स हैदराबाद ने ईशान किशन के नाबाद 106 रनों की शतकीय पारी और ट्रेविस हेड की 67 रनों की ताबड़तोड़ पारी के दम पर 20 ओवर में 6 विकेट खोकर 286 रनों का विशाल स्कोर खड़ा किया। जवाब में राजस्थान रॉयल्स की टीम 20 ओवर में छह विकेट खोकर 242 रन तक ही पहुंच पाई। लक्ष्य का पीछा करने उतरी राजस्थान रॉयल्स की शुरुआत अच्छी नहीं रही। दूसरे ओवर में ही सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल और कप्तान रियान पराग पवेलियन लौट गए। यशस्वी जहां एक बन ही बना सके, वहीं पराग 4 रन बनाकर आउट हुए। फिर पांचवें ओवर में नीतीश राणा भी आउट हो गए। नीतीश ने आठ गेंदों पर 11 रन बनाए। शुरुआती झटकों के बाद इंपैक्ट प्लेयर के तौर पर मैच में खेल रहे संजू सैमसन ने विकेटकीपर बल्लेबाज ध्रुव जुरैल के साथ पारी को आगे बढ़ाया। दोनों बल्लेबाजों ने तेजी से रन बटोरते हुए अर्धशतक जड़ दिए। संजू ने 26 गेंदों पर अर्धशतक जड़ा, जबकि जुरैल ने 28 गेंदों पर अपना पचासा पूरा किया। दोनों ने मिलकर टीम के स्कोर को 13 ओवर तक 150 के पार ले गए। दोनों बल्लेबाज टीम को लक्ष्य के करीब ले जाने की कोशिश कर रहे थे, लेकिन पहले संजू और फिर जुरैल आउट हो गए।

## सचिवालय चैंपियंस ट्रॉफी: मदन के आलराउंड प्रदर्शन से सचिवालय लायंस क्वार्टर फाइनल में

**देहरादून।** सचिवालय चैंपियंस ट्रॉफी 2025 में यहां महाराणा प्रताप क्रिकेट ग्राउंड में लीग स्टेज के 02 मैच खेले गए। पहला मैच सचिवालय ईगल और सचिवालय बुल्स के बीच खेला गया, जिसमें बुल्स ने जीत दर्ज की। दूसरे मैच में सचिवालय लायंस ने क्लासिक को 26 रनों से हराकर क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। महाराणा प्रताप क्रिकेट ग्राउंड में खेले गए पहले मैच में सचिवालय ईगल ने पहले बल्लेबाजी की। टीम कुल 106 रनों पर ऑल आउट हो गई। टीम के लिए देवेंद्र ने 34 रन बनाए। मुकेश रावत और सुनील तोमर ने 03-03 विकेट लिए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी सचिवालय बुल्स की टीम ने 12 ओवरों में 05 विकेट खोकर लक्ष्य प्राप्त कर लिया। अमीन ने 42 और सुनील तोमर ने 25 रन बनाए। हिमांशु नेगी ने 3 और आईपी सिंह ने 02 विकेट लिए। मैन ऑफ द मैच सुनील तोमर को उनके ऑलराउंड प्रदर्शन के लिए दिया गया। फाइटर ऑफ द मैच हिमांशु नेगी को दिया गया। दूसरे मैच में सचिवालय लायंस ने पहले बल्लेबाजी करते हुए मदन के शानदार 79 रनों की मदद से कुल 166 रन बनाए। रमेश जोशी और सुशील बिष्ट ने 03-03 विकेट लिए।

## गुवाहाटी में पहली बार टेस्ट और वर्ल्ड कप मैच

**गुवाहाटी।** इस वर्ष नॉर्थ ईस्ट में पहली बार क्रिकेट इतिहास रचने जा रहा है। यह पहली बार होगा जब यह शहर टेस्ट क्रिकेट और वर्ल्ड कप मुकाबले की मेजबानी करेगा। बीसीसीआई के महासचिव देवजीत सैकिया ने रविवार को यह घोषणा की। सैकिया के अनुसार, भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच दो टेस्ट मैचों की सीरीज का दूसरा मुकाबला 22 नवंबर से असम क्रिकेट एसोसिएशन (एसीए) स्टेडियम में खेला जाएगा। इससे गुवाहाटी को पहली बार टेस्ट क्रिकेट की मेजबानी करने का गौरव मिलेगा।इसके अलावा, गुवाहाटी में पहली बार आईसीसी महिला वनडे वर्ल्ड कप के मुकाबले भी होंगे। यह टूर्नामेंट 24 सितंबर से 2 नवंबर तक खेला जाएगा। गुवाहाटी को इसके लिए एक प्रमुख स्थल के रूप में चुना गया है, जहां पांच से छह मैच खेले जाएंगे। यह पहली बार होगा जब नॉर्थईस्ट में वर्ल्ड कप क्रिकेट मैच आयोजित होंगे। सैकिया ने बताया कि बीसीसीआई की एपेक्स काउंसिल की बैठक में यह महत्वपूर्ण फैसला लिया गया। उन्होंने आईसीसी चेयरमैन जय शाह और असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्व सरमा को धन्यवाद् दिया, जिनकी मदद से गुवाहाटी एक प्रमुख क्रिकेट स्थल के रूप में उभरा है।

## पैरालंपियन शीतल देवी ने पायल नाग को हराकर तीरंदाजी में स्वर्ण पदक जीता

**नई दिल्ली।** पैरालंपियन शीतल देवी ने जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में खेलो इंडिया पैरा गेम्स (केआईपीजी) 2025 में पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए अपना दूसरा स्वर्ण पदक सफलतापूर्वक जीता। ओडिशा की दिव्यांग तीरंदाज पायल नाग के खिलाफ जम्मू-कश्मीर की शीतल ने कंपाउंड तीरंदाजी ओपन फाइनल में 109-103 से जीत दर्ज की।शीतल देवी ने 8 और 7 के स्कोर के साथ शुरुआत की, जबकि पायल ने डबल 10 के साथ शुरुआत की। 17 वर्षीय पायल ने हालांकि तीसरे राउंड में बढ़त खो दी, जहां उन्होंने पहली बार 7 का स्कोर बनाया और शीतल ने 9 और 10 के अपने लगातार सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन पर वापसी की। निर्णायक पांचवें राउंड में शीतल ने खेलो इंडिया पैरा गेम्स 2025 में स्वर्ण पदक जीता। राष्ट्रीय राजधानी में तेज धूप के कारण खिलाड़ियों को परेशानी का सामना करना पड़ा, लेकिन इससे तीरंदाजों की प्रतिस्पर्धात्मक भावना में कोई कमी नहीं आई।

# पुर्तगाल ने डेनमार्क को हराकर नेशंस लीग सेमीफाइनल में बनाई जगह

### आरसीबी ने 7 विकेट से जीता पहला मुकाबला

एजेंसी

**लिस्बन।** पुर्तगाल के फ्रांसिस्को ट्रिनकाओ ने बेंच से उतरकर दो गोल किए, जबकि क्रिस्टियानो रोनाल्डो ने भी शानदार प्रदर्शन किया, जिससे पुर्तगाल ने रविवार को अतिरिक्त समय में डेनमार्क को 5-2 से हराकर कुल 5-3 के अंतर से जीत दर्ज की। इस जीत के साथ पुर्तगाल ने यूईएफए नेशंस लीग के सेमीफाइनल में जगह बना ली, जहां उसका मुकाबला जर्मनी से होगा।

**रोनाल्डो की अगुवाई में मिली जीत**

रोनाल्डो ने भले ही शुरुआती पेनल्टी मिस कर दी हो, लेकिन उन्होंने अपनी टीम की वापसी में अहम भूमिका निभाई। हालांकि, उन्हें अतिरिक्त समय में बेंच पर बैठना पड़ा, फिर भी उन्होंने दर्शकों को लगातार उत्साहित किया और पुर्तगाल ने आखिरकार डेनमार्क की मजबूत रक्षात्मक पंक्ति को भेदने में सफलता पाई। पहले चरण में डेनमार्क ने कोपेनहेगन में हुए मुकाबले में रासमस होजलुंड के गोल की बदौलत 1-0 की बढ़त बनाई थी। वहीं, डेनमार्क के मुख्य डिफेंडर जोआकिम माएले के कैंप छोड़ने से टीम को



झटका लगा, क्योंकि उन्हें अपने बच्चे के जन्म के लिए जाना पड़ा। उनकी जगह खेलने आए पैट्रिक डोर्गु ने शुरुआत में ही पुर्तगाल को पेनल्टी दे दी, जब उन्होंने रोनाल्डो को तीसरे मिनट में बॉक्स में गिरा दिया।

रोनाल्डो ने खुद पेनल्टी ली, लेकिन डेनमार्क के गोलकीपर कैस्पर श्माइकल ने शानदार बचाव कर उन्हें गोल करने से रोक दिया। इसके बाद 17वें मिनट में भी रोनाल्डो को नूनो मेंडेस के शानदार क्रॉस पर हेडर लगाने का मौका मिला, लेकिन श्माइकल ने फिर से उन्हें निराश कर दिया। हालांकि, पुर्तगाल को 38वें मिनट में बढ़त मिल गई जब डेनमार्क के डिफेंडर जोआकिम एंडरसन ने गलती से गेंद को अपने ही गोल में डाल दिया। लेकिन 56वें मिनट में डेनमार्क के रासमस क्रिस्टेंसन ने कॉर्नर पर हेडर से गोल कर स्कोर बराबर कर दिया।

इसके बाद रोनाल्डो ने 67वें मिनट में शानदार एंगल से गोल कर पुर्तगाल को फिर से बढ़त दिलाई, लेकिन 76वें मिनट में क्रिश्चियन एरिक्सन ने गोल कर डेनमार्क को फिर से कुल स्कोर में आगे कर दिया। यहीं से फ्रांसिस्को ट्रिनकाओ ने खेल की दिशा बदल दी। उन्होंने 86वें मिनट में गोल कर स्कोर 3-3 किया और मुकाबला अतिरिक्त समय में चला गया। इसके बाद 91वें मिनट में ट्रिनकाओ ने एक शानदार चिप शॉट के जरिए गोल कर पुर्तगाल को बढ़त दिला दी। डेनमार्क ने आखिरी समय तक जमकर संघर्ष किया, लेकिन ट्रिनकाओ के दूसरे गोल के बाद उसकी ऊर्जा खत्म हो गई। इसके बाद पुर्तगाल के स्थानापन्न खिलाड़ी गोंसालो रामोस ने एक और गोल कर पुर्तगाल की जीत को और भी भव्य बना दिया।

## खेलो इंडिया पैरा गेम्स 2025 : पंजाब की जसप्रीत कौर ने पावरलिफ्टिंग में नेशनल रिकॉर्ड तोड़ा, पदक तालिका में तमिलनाडु की बढ़त बरकरार

एजेंसी

**नई दिल्ली।** खेलो इंडिया पैरा गेम्स के दूसरे संस्करण के चौथे दिन पंजाब की पावरलिफ्टर जसप्रीत कौर ने सुर्खियाँ बटोरीं। जसप्रीत केआईजीपी 2025 में नेशनल रिकॉर्ड तोड़ने वाली पहली एथलीट बनीं। 45 किलोग्राम वर्ग में इस 31 वर्षीय खिलाड़ी ने जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम परिसर में 101 किलोग्राम वजन उठाकर स्वर्ण पदक जीता।खबर लिखे जाने तक 113 स्वर्ण पदक तय हो चुके थे, जिसमें तमिलनाडु 22 स्वर्ण के साथ शीर्ष पर बना हुआ था। हरियाणा 18 स्वर्ण पदकों के साथ दूसरे स्थान पर बना हुआ है जबकि उत्तर प्रदेश और राजस्थान 13-13 स्वर्ण पदकों के साथ दूसरे स्थान पर हैं।जसप्रीत ने खेलो इंडिया गेम्स 2025 में नया बेंचमार्क स्थापित करते हुए 100 किग्रा का अपना ही नेशनल रिकॉर्ड तोड़ दिया। दिसंबर 2023 में, उन्होंने इसी इवेंट में 85 किग्रा का सबसे भारी वजन उठाकर स्वर्ण पदक जीता था। उन्होंने साई मीडिया से कहा, मैं इस बार और भी बेहतर प्रदर्शन करना चाहती थी। नेशनल रिकॉर्ड तोड़ने से मुझे राष्ट्रीय रैंकिंग में ऊपर चढ़ने में भी मदद मिली है। दो साल से भी कम समय में 16 किग्रा से अधिक वजन उठाना कोई आसान उपलब्धि नहीं थी। जसप्रीत ने कड़ी ट्रेनिंग की। कई नई तकनीकों पर शोध किया और फिटनेस बनाए रखने के लिए अपने आहार में बदलाव किए। लेकिन सबसे बड़ी चुनौती चिंता के मुद्दों से निपटना था। तीन साल की आयु से ही पोलियो से पीड़ित जसप्रीत ने कहा, मैंने 2022 में राष्ट्रीय स्तर पर अपनी शुरुआत की। इसलिए, मुझे हमेशा लगा कि मैं खेल के लिए काफी नई हूँ। मुझे यह महसूस करने में थोड़ा समय लगा कि ताकत और मांसपेशियों को विकसित करने में समय लगेगा। यह रातोंरात नहीं होता है। मुझे ऐसा प्रदर्शन करने में तीन साल लग गए। उधर, जेएलएन स्टेडियम के दूसरी ओर तीरंदाजी स्पर्धाओं का समापन हुआ। इसमें स्टार पैरा तीरंदाज शीतल देवी ने ओडिशा की प्रतिद्वंद्वी पायल नाग को हराकर करीबी मुकाबले में कंपाउंड महिला ओपन वर्ग में स्वर्ण पदक जीता। महाराष्ट्र के 44 वर्षीय पैरा तीरंदाज आदिल मोहम्मद नजीर अंसारी (जिन्होंने दिसंबर 2023 में खेलो इंडिया पैरा गेम्स में स्वर्ण पदक जीता था) ने एक बार फिर अपनी उम्र को धता बताते हुए डब्ल्यू1 राउंड पुरुष स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता।

## यूईएफए नेशंस लीग: स्पेन ने पेनल्टी में नीदरलैंड्स को हराकर लगातार तीसरी सेमीफाइनल में जगह बनाई

एजेंसी

**वालेंसिया।** यूईएफए नेशंस लीग के मौजूदा विजेता स्पेन ने नीदरलैंड्स को पेनल्टी शूटआउट में 5-4 से हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया। रविवार को खेले गए रोमांचक दूसरे क्वार्टरफाइनल में दोनों टीमों के बीच 3-3 से मुकाबला ड्रॉ रहा, जिससे कुल स्कोर 5-5 का हो गया और मैच पेनल्टी तक पहुंचा। शूटआउट में डोनीएल मालेन ने अपनी किक मिस कर दी, जबकि बार्सिलोना के युवा खिलाड़ी पेड्री ने निर्णायक गोल दागकर स्पेन को जीत दिला दी। मैच के दौरान स्पेन की ओर से मिकेल ओयारज़ाबल ने पहला गोल किया, लेकिन मेम्फिस डेपे ने पेनल्टी स्पॉट से स्कोर बराबर कर दिया। ओयारज़ाबल ने स्पेन को फिर से बढ़त दिलाई, लेकिन इयान मात्सेन के शानदार गोल ने मुकाबले को अतिरिक्त समय तक पहुंचा दिया। बार्सिलोना के उभरते सितारे लामिन यामल, जिन्होंने पेनल्टी शूटआउट में एक किक मिस की, ने अतिरिक्त समय में बेहतरीन गोल कर स्पेन को बढ़त दिलाई, लेकिन ज़ावी साइमन्स ने पेनल्टी के जरिए फिर से बराबरी कर दी, जिससे मुकाबला



शूटआउट तक गया। स्पेन के कोच लुइस डे ला फुएंते ने रॉटरडैम में खेले गए पहले चरण के 2-2 ड्रॉ के बाद कुछ बदलाव किए। ओयारज़ाबल और डानी ओल्मो को अल्वारो मोराटा और पेड्री की जगह शामिल किया गया, जबकि डीन हुईसेन ने अपने जन्मस्थान (नीदरलैंड्स) के खिलाफ पहला मैच खेला और शानदार प्रदर्शन किया। नीदरलैंड्स के कोच रोनाल्ड कोएमन ने डेब्यू खिलाड़ी इयान मात्सेन को लेफ्ट-बैक की जिम्मेदारी दी, जिनका मुख्य काम 17 वर्षीय यामल को रोकना था। स्पेन की हालिया सफलताओं ने उसके प्रशंसकों को प्रेरित किया है, और दूसरे चरण से पहले 20,000 से अधिक दर्शकों ने टीम का अभ्यास सत्र देखा। यह सत्र अक्टूबर में वालेंसिया क्षेत्र में आए भयंकर तूफान से हुए नुकसान के लिए धन जुटाने के उद्देश्य से आयोजित किया गया था। मैच के शुरुआती क्षणों में ही स्पेन को पेनल्टी मिली, जब यान पॉल वान हेके ने ओयारज़ाबल को बॉक्स के अंदर गिरा दिया। ओयारज़ाबल ने खुद पेनल्टी ली और गेंद को शानदार तरीके से गोलपोस्ट के दाएं कोने में डाल दिया।

## नानजिंग में वर्ल्ड एथलेटिक्स इंडोर चैंपियनशिप का समापन, डेविन चार्लटन ने 60 मीटर हर्डल्स में खिताब बरकरार रखा

एजेंसी

**नानजिंग।** बहामास की डेविन चार्लटन ने 60 मीटर हर्डल्स का खिताब बरकरार रखते हुए शानदार प्रदर्शन किया, जबकि संयुक्त राज्य अमेरिका ने पुरुषों और महिलाओं की 4×400 मीटर रिले में दबदबा बनाया। इसी के साथ रविवार को 2025 वर्ल्ड एथलेटिक्स इंडोर चैंपियनशिप का समापन हुआ।अमेरिका ने कुल 6 स्वर्ण, 4 रजत और 6 कांस्य पदकों के साथ पदक तालिका में शीर्ष स्थान हासिल किया। नॉर्वे तीन स्वर्ण के साथ दूसरे और इथियोपिया दो स्वर्ण व तीन रजत के साथ तीसरे स्थान पर रहा।

**चार्लटन की रोमांचक जीत**

चार्लटन ने 7.72 सेकंड में दौड़ पूरी कर रोमांचक जीत दर्ज की। यह रेस ऐतिहासिक रही क्योंकि पहली बार छह एथलीटों ने 7.80 सेकंड के भीतर दौड़ पूरी की। स्विट्जरलैंड की डिटाजी कांबुंजी ने 7.73 सेकंड के साथ रजत और जमैका की अकेरा न्यूजेंट ने 7.74 सेकंड के साथ कांस्य पदक जीता। हालांकि, चीन की हर्डलर वू यान्नी फाइनल में नहीं



पहुंच सकीं, लेकिन उन्होंने सेमीफाइनल में 8.01 सेकंड का समय निकालकर 11 साल पुराना राष्ट्रीय रिकॉर्ड तोड़ा। पुरुषों की 4×400 मीटर रिले में अमेरिका ने 3ः03.13 मिनट में स्वर्ण जीता। क्रिस बेली, ब्रायन फॉस्ट, जैकोरी पैटरसन और एलिजा गॉडविन की टीम ने जमैका को लगभग दो सेकंड के अंतर से हराया। हंगरी के एटिला मोलनार ने अंतिम दौर में जोरदार प्रदर्शन करते हुए 3ः06.03 मिनट में राष्ट्रीय रिकॉर्ड बनाकर कांस्य जीता। चीन ने भी 3ः06.90 मिनट में राष्ट्रीय रिकॉर्ड बनाया लेकिन चौथे स्थान पर रहा। महिला 4×400 मीटर रिले में अमेरिका की क्वानेरा हेस, बेली लीयर, रोजी एफियॉन्ग और एलेक्सिस होम्स की टीम ने 3:27.45 मिनट में स्वर्ण अपने नाम किया। पोलैंड ने 3:32.05 मिनट में रजत और ऑस्ट्रेलिया ने 3:32.65 मिनट में कांस्य पदक जीता।

## खेलो इंडिया पैरा गेम्स: मप्र की खिलाड़ी रुबीना फ्रांसिस और भरत रावत ने जीते रजत पदक

एजेंसी

**भोपाल।** नई दिल्ली में 20 से 27 मार्च तक तक आयोजित खेलो इंडिया पैरा गेम्स 2025 में रविवार को मध्य प्रदेश के दो खिलाड़ियों ने अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन करते हुए दो रजत पदक अपने नाम किए। प्रदेश के खेल मंत्री विश्वास कैलाश सारंग ने इन उपलब्धियों पर हर्ष व्यक्त करते हुए विजेता खिलाड़ियों को बधाई दी और कहा कि यह सफलता प्रदेश के पैरा खिलाड़ियों के लिए प्रेरणादायक है। मध्य प्रदेश की स्टार पैरा शूटर रुबीना फ्रांसिस अपनी सटीक निशानेबाजी के लिए जानी जाती हैं। उन्होंने एक बार फिर अपनी प्रतिभा का परिचय दिया। उन्होंने रविवार को 10 मीटर एयर पिस्टल वीमेन एसएच-1 स्पर्धा में शानदार प्रदर्शन करते हुए रजत पदक जीता। वहीं, एथलीट भरत रावत ने एफ-33 कैटेगरी की भाला फेंक प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन कर रजत पदक जीता। खेल मंत्री सारंग ने दोनों खिलाड़ियों को बधाई देते हुए कहा कि यह मध्य प्रदेश के लिए गर्व का क्षण है। हमारे पैरा एथलीटों ने यह साबित कर दिया है कि मेहनत और लगन से किसी भी चुनौती को पार किया जा सकता है। प्रदेश सरकार खिलाड़ियों को हरसंभव सहयोग प्रदान कर रही है और आगे भी उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए प्रतिबद्ध रहेगी। खेलो इंडिया पैरा गेम्स 2025 में मध्य प्रदेश के खिलाड़ियों के इस शानदार प्रदर्शन से प्रदेश में पैरा स्पोर्ट्स को और मजबूती मिलेगी और युवा एथलीटों को प्रेरणा मिलेगी। खेलो इंडिया पैरा गेम्स 2025 में रविवार तक मप्र के खिलाड़ियों ने 02 स्वर्ण, 04 रजत और 01 कांस्य पदक के साथ कुल सात पदक अर्जित किये हैं। अभी एथलेटिक्स, शूटिंग, टेबल टेनिस, पावरलिफ्टिंग के मुकाबले शेष है। प्रतियोगिता में मध्य प्रदेश के दल में 24 खिलाड़ी, प्रशिक्षक और एस्कोर्ट सहित कुल 40 सदस्यीय दल प्रतिभागिता कर रहा है।

## आगरा की टीम ने वाराणसी को 61-45 से हराकर दर्ज की शानदार जीत

एजेंसी

**मुरादाबाद।** खेल निदेशालय उप्र लखनऊ एवं उप्र बास्केटबाल संघ के समन्वय से प्रदेश स्तरीय जूनियर बालिका बास्केटबाल प्रतियोगिता का फाइनल मैच रविवार को रामगंगा विहार स्थित सोनकपुर स्पोर्ट्स स्टेडियम में हुआ। फाइनल मैच में आगरा की टीम ने वाराणसी को 61-45 से हराया और शानदार जीत दर्ज की। आज के फाइनल मैच के शुभारंभ पर मुख्य अतिथि क्षेत्रीय क्रीड़ाधिकारी जितेंद्र यादव एवं उप्र ओलम्पिक संघ संयुक्त सचिव डॉ. अजय पाठक द्वारा खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर प्रतियोगिता का आगाज किया गया। समापन पर मुख्य अतिथि पर अपर आयुक्त मुरादाबाद मंडल सर्वेश गुप्ता ने विजेता व उपविजेता टीमों को सम्मानित किया। विशिष्ट अतिथि समाजसेवी राजेश रस्तोगी रहे। सूबे के कई मंडलों के खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया। लीग मैचों के बाद शनिवार को सेमी फाइनल में वाराणसी ने मेरठ को हराकर फाइनल में जगह बनाई तो वहीं मिर्जापुर को हराकर आगरा फाइनल में पहुंचा था।

## खेलो इंडिया पैरा गेम्स: अल्फिया जेम्स और मंदीप कौर ने बैडमिंटन में मचाई धूम, अवनी लेखरा ने शूटिंग में जीता स्वर्ण

एजेंसी

**नई दिल्ली।** खेलो इंडिया पैरा गेम्स 2025 के तीसरे दिन इंदिरा गांधी स्टेडियम में बैडमिंटन प्रतियोगिता का समापन हुआ, जहां अनुभवी पैरा एथलीटों के शानदार प्रदर्शन के साथ कुछ नए खिलाड़ियों ने भी अपनी चमक बिखेरी। वहीं, डॉ. कर्णी सिंह शूटिंग रेंज में चल रही निशानेबाजी प्रतियोगिता में पैरालंपिक गोल्ड मेडलिस्ट अवनी लेखरा ने महिला 10 मीटर एयर राइफल स्टैंडिंग स॥ कैटेगरी में स्वर्ण पदक जीता।

**तमिलनाडु शीर्ष पर, हरियाणा दूसरे स्थान पर**

एथलेटिक्स, बैडमिंटन और शूटिंग में कुल 75 स्वर्ण पदक विजेताओं की घोषणा हुई। पदक तालिका में तमिलनाडु 15 स्वर्ण के साथ पहले स्थान पर बना हुआ है, जबकि हरियाणा 14 स्वर्ण के साथ दूसरे स्थान पर है। महाराष्ट्र 8 स्वर्ण पदकों के साथ तीसरे स्थान पर, जबकि राजस्थान और उत्तर प्रदेश 7-7 स्वर्ण पदकों के साथ संयुक्त रूप से चौथे स्थान पर हैं।

**बैडमिंटन में नवोदित सितारों की धमाकेदार एंट्री**

भारत के शीर्ष पैरा बैडमिंटन खिलाड़ियों ने अपनी उत्कृष्टता साबित की। टोक्यो 2020 गोल्ड मेडलिस्ट कृष्णा नागर, पेरिस 2024 गोल्ड मेडलिस्ट नितेश कुमार, पेरिस 2024 कांस्य पदक विजेता मनीषा रामदास और 13 बार के राष्ट्रीय चैंपियन संजीव कुमार ने स्वर्ण पदक जीते। हालांकि, असली चर्चा का विषय केरल की 21 वर्षीय व्हीलचेयर खिलाड़ी अल्फिया जेम्स और उत्तराखंड की मंदीप कौर रहीं, जिन्होंने अपने-अपने वर्ग में स्वर्ण पदक जीतकर सबको चौंका दिया।

अल्फिया, जो पहले बास्केटबॉल खिलाड़ी थीं, 2017 में रीढ़ की हड्डी की चोट के बाद खेल से दूर हो गईं। पांच साल बाद उन्होंने पैरा बैडमिंटन में वापसी की और हाल ही में स्पेन में स्वर्ण जीतने के बाद खेलो इंडिया पैरा गेम्स में भी गोल्ड मेडल अपने नाम किया।

29 वर्षीय मंदीप कौर, जो तीन बार की राष्ट्रीय आर्म-रेसलिंग चैंपियन रही हैं, ने बैडमिंटन में स्विच किया और पहली ही अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता (युगांडा) में स्वर्ण पदक जीता। मंदीप ने कहा, पहली बार खेलो इंडिया पैरा गेम्स में खेलकर स्वर्ण जीतना सपना सच होने जैसा है। मैंने पहला गेम गंवाया था, दूसरे गेम में पिछड़ रही थी, लेकिन खुद को संभाला और जीत दर्ज की।

**शूटिंग में अवनी लेखरा का दबदबा**

डॉ. कर्णी सिंह शूटिंग रेंज में भी जबरदस्त प्रतिस्पर्धा देखने को मिली। पैरालंपिक स्वर्ण पदक विजेता राजस्थान की अवनी लेखरा ने महिला 10 मीटर एयर राइफल स्टैंडिंग SH1 कैटेगरी में स्वर्ण पर कब्जा किया। उन्होंने राज्य की ही मोना अग्रवाल को करीबी मुकाबले में हराया, जबकि उत्तर प्रदेश की आकांक्षा ने कांस्य पदक जीता। पुरुष 10 मीटर एयर राइफल स्टैंडिंग SH2 में महाराष्ट्र के स्वरूप महावीर उन्हालकर ने स्वर्ण और केविन विनोद केंगनलकर ने रजत पदक जीता, दोनों के स्कोर में महज 0.1 अंकों का अंतर रहा। वहीं, हरियाणा की सिमरन शर्मा ने मिक्स्ड 10 मीटर एयर राइफल स्टैंडिंग SH3 कैटेगरी में शीर्ष स्थान हासिल किया।

## रग्बी चैंपियनशिप में कैथरीन अकादमी और डॉन बोस्को बिचना बने विजेता

**खूंटी।** झारखंड रग्बी फुटबॉल एसोसिएशन और खूंटी जिला रग्बी संघ के संयुक्त तत्वाधान में रविवार को स्थानीय लोयोला हाई स्कूल मैदान में इंटर स्कूल अंडर 12 बालक और बालिका रग्बी चौंपियनशिप का आयोजन किया गया। इसमें खूंटी, रांची, धनबाद तथा गोड्डा जिला की कुल 16 टीमों ने भाग लिया। बालक वर्ग के फाइनल मुकाबले में डॉन बॉस्को बिचना की टीम ने संत जेवियर बुंडू की टीम को 10-5 के स्कोर से पराजित कर विजेता बनने का गौरव प्राप्त किया। संत जेवियर बुंडू की टीम उपविजेता रही जबकि तीसरा स्थान बिशप वेस्टकॉट सायको की टीम को मिला। दूसरी ओर बालिका वर्ग में कैथरीन एकेडमी खूंटी विजेता, डॉन बॉस्को उपविजेता और सेंट एंथोनी स्कूल की टीम को तीसरा स्थान मिला।

## ग्लोबल इंडियन प्रवासी कबड्डी लीग ट्रॉफी का हुआ अनावरण, 18 अप्रैल से शुरू होगा घमासान

एजेंसी

**नई दिल्ली।** दिल्ली में हुए एक भव्य समारोह में ग्लोबल इंडियन प्रवासी कबड्डी लीग (जीआईपीकेएल) ने अपनी चैंपियनशिप ट्रॉफी का अनावरण किया। 18 अप्रैल से गुरुग्राम में शुरू हो रही यह लीग पहले से ही वैश्विक स्तर पर काफी चर्चा में है। लीग का प्रारूप इतना भव्य है कि इसमें मिस्र, केन्या, अर्जेंटीना, जर्मनी, इंग्लैंड, नॉर्वे और पोलैंड जैसे कई देशों की टीमें सम्मिलित होने जा रही हैं। समारोह के दौरान कई ऐसी प्रतिष्ठित हस्तियां मौजूद रहीं, जिसने जीआईपीकेएल को एक प्रमुख अंतरराष्ट्रीय कबड्डी टूर्नामेंट के रूप में और मजबूत पहचान दिलाई। ट्रॉफी का अनावरण हरियाणा सरकार के उद्योग एवं वाणिज्य विभाग के प्रधान सचिव डी. सुरेश, आईएएस और पूर्व भारतीय कबड्डी कप्तान दीपक हुड्डा और होलिस्टिक इंटरनेशनल प्रवासी स्पोर्ट्स एसोसिएशन (हिप्सा) की अध्यक्ष कंथि डी. सुरेश ने किया। ट्रॉफी लॉन्च के दौरान डी. सुरेश ने कहा कि, कबड्डी भारत की खेल विरासत का

> **लीग के बारे में पूर्व भारतीय कप्तान दीपक हुड्डा ने कहा कि, यह लीग उभरते हुए खिलाड़ियों के लिए एक बेहतरीन मंच होने वाला है।**

एक अभिन्न अंग है और यह देखना खुशी की बात है कि जीआईपीकेएल जैसा वैश्विक मंच हरियाणा में आकार ले रहा है। यह पहल न केवल अंतरराष्ट्रीय एथलीटों को एक मंच प्रदान करेगी, बल्कि कबड्डी को ओलंपिक खेल के रूप में पहचान दिलाने में भी मददगार साबित होगी। जिस तरह से जीआईपीकेएल के मंच को सजाया गया है निश्चित तौर पर यह लीग कबड्डी के क्षेत्र में सर्वोच्चता का प्रतीक होगी। इसका प्रारूप इस तरह से तैयार किया गया है, जिसमें पुरुषों और महिलाओं की अलग-अलग टीमें विजेता बनेंगी, लेकिन केवल एक ही टीम को यह भव्य चैंपियनशिप ट्रॉफी उठाने का गौरव प्राप्त होगा। लीग के बारे में पूर्व भारतीय कप्तान दीपक हुड्डा ने कहा कि, यह लीग उभरते हुए खिलाड़ियों के लिए एक बेहतरीन मंच होने वाला है। कबड्डी एक ऐसा खेल है जो पूरे देश में खेला जाता है और मुझे पूरा विश्वास है कि हमारे खिलाड़ी इस लीग को नई ऊंचाइयों तक ले जाएंगे और इस खेल को वैश्विक स्तर पर एक नई पहचान देंगे। जीआईपीकेएल के पहले सीजन में कुल 6 पुरुष और 6 महिला टीमें भाग लेंगी, जिसका सीधा प्रसारण सोनी स्पोर्ट्स नेटवर्क पर किया जाएगा। इन टीमों के नाम क्षेत्रीय पहचान को दर्शाने के लिहाज से किया गया है।

# चेन्नई का विजयी आगाज, मुंबई को चार विकेट से हराया

एजेंसी

**चेन्नई।** चेन्नई सुपर किंग्स ने मुंबई इंडियंस को चार विकेट से हराकर जीत के साथ आगाज किया। चेन्नई के एमए चिदंबरम स्टेडियम में खेले गए इस मुकाबले में टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी मुंबई ने 20 ओवर में नौ विकेट खोकर 155 रन बनाए। जवाब में सीएसके ने 19.1 ओवर में छह विकेट पर 158 रन बनाए और मुकाबला अपने नाम कर लिया। इस मैच में रचिन रवींद्र ने सबसे ज्यादा नाबाद 65 रन की पारी खेली। उनके अलावा कप्तान ऋतुराज गायकवाड़ ने 26 गेंदों पर 53 रन बनाए। नूर और खलील की घातक गेंदबाजी की बदौलत चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) ने मुंबई इंडियंस (एमआई) को 155 के स्कोर पर रोक दिया। इस मैच में टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी मुंबई ने नौ विकेट खोकर सीएसके के सामने 156 रन का लक्ष्य रखा है। लक्ष्य का पीछा करने उतरी चेन्नई ने पहला विकेट दूसरे ही ओवर में खो दिया था। राहुल त्रिपाठी सिर्फ दो रन बनाकर पवेलियन लौट गए। इसके बाद मोर्चा रचिन रवींद्र और ऋतुराज गायकवाड़ ने संभाला। दोनों के बीच दूसरे विकेट के लिए 37 गेंदों में 67 रनों की साझेदारी हुई। कप्तान गायकवाड़ 53 रनों की दमदार पारी खेलकर लौटे। इसके बाद चेन्नई की पारी लड़खड़ाई लेकिन सातवें नंबर पर बल्लेबाजी के लिए आए रवींद्र जडेजा ने स्थिति संभाली। उन्होंने रचिन रवींद्र के साथ 36 रनों की साझेदारी निभाई और टीम को लक्ष्य के करीब पहुंचाया। हालांकि, जीत से सिर्फ चार रन पहले ही रनआउट हो गए। इस मैच में शिवम दुबे ने नौ, दीपक हुड्डा ने तीन, सैम करन ने चार रन बनाए। वहीं, रचिन रवींद्र 65 और महेंद्र सिंह धोनी बिना खाता खोले नाबाद रहे। मुंबई के लिए इम्पैक्ट खिलाड़ी के तौर पर डेब्यू करने वाले विग्नेश पुथुर ने तीन विकेट झटके जबकि दीपक चाहर और विल जैक्स को एक-एक सफलता मिली। इससे पहले टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी मुंबई की स्थिति शुरुआत से ही खराब रही। कप्तान रोहित शर्मा पहले ही ओवर में बिना खाता खोले पवेलियन लौटे। उन्हें खलील अहमद ने अपना शिकार बनाया। इसके बाद खलील ने रेयान रिकेल्टन (13) को बोल्ड किया। सीएसके में वापसी के बाद पहला मुकाबला खेल रहे अश्विन भी पीछे नहीं रहे। उन्होंने आते ही विल जैक्स को शिवम दुबे के हाथों कैच कराया और पहली सफलता हासिल की। 36 पर तीन विकेट खो चुकी मुंबई को एक अच्छी साझेदारी की जरूरत थी। क्रीज पर कप्तान सूर्यकुमार यादव और तिलक वर्मा मौजूद थे। दोनों के बीच चौथे विकेट के लिए 40 से ज्यादा रनों की साझेदारी हुई। हालांकि, इससे पहले यह साझेदारी बड़े स्तर पर पहुंचती महेंद्र सिंह धोनी ने फुर्ती दिखाते हुए विकेट के पीछे से सूर्या को स्टंप आउट कर दिया। स्टैंडइन कप्तान 26 गेंदों में 29 रन बनाकर आउट हुए। मुंबई के लिए तिलक वर्मा ने सर्वाधिक 31 रन बनाए। उनके अलावा रॉबिन मिन्ज ने तीन, नमन धीर ने 17, मिचेल सेंटनर ने 11, ट्रेंट बोल्ट ने एक रन बनाया। इस मैच में दीपक चाहर 28 और सत्यनारायण राजू एक रन बनाकर नाबाद रहे। सीएसके के लिए नूर अहमद ने चार और खलील अहमद ने तीन विकेट चटकाए। उनके अलावा नाथन एलिस और रविचंद्रन अश्विन को एक-एक सफलता मिली।

